उत्तराखण्ड वन विकास निगम

(शिविर कार्यालय, प्रबन्ध निदेशक)

'अरण्य विकास भवन', 73–नेहरू रोड़, देहरादून, दूरभाष : 0135–2657610, फैक्स : 0135–2655488

****

पत्रांक–वि0– 153 /16–1–1/ बाजार मांग दिनांकः 10 अप्रैल, 2017

कार्यालय आदेश

मुख्यालय में दिनांक 09.03.2017 को सम्पन्न समीक्षा बैठक के दौरान प्रकाष्ठ आदि की बाजार मांग के सम्बन्ध में यह बिन्दु आया कि प्रकाष्ठ की निर्धारित साईज के अतिरिक्त यदा–कदा विशिष्ट साईज के प्रकाष्ठ की क्रेताओं द्वारा मांग की जाती है। यद्यपि मुख्यालय पत्रांक–वि 5162/16–1–1, दिनांक 22.11.2016 द्वारा विशिष्ट साईज के प्रकाष्ठ की मांग होने पर उत्पादन एवं विक्रय के सम्बन्ध में प्रक्रिया निर्धारित है। दिनांक 09.03.2017 को बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत निर्णय हुआ कि विशिष्ट साईज के प्रकाष्ठ की मांग के अनुरूप उत्पादन एवं विक्रय हेतु व्यवहारिक प्रक्रिया निर्धारित करने हेतु समिति गठित की जाए।

उक्त बैठक का कार्यवृत्त मुख्यालय पत्रांक–एम 7773/बैठक दिनांक 30.03.2017 द्वारा जारी है।

अस्तु विशिष्ट साईज के प्रकाष्ठ की मांग के अनुरूप उत्पादन एवं विपणन प्रक्रिया निर्धारण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के लिए निम्न प्रकार समिति गठित की जाती है:–

1.	क्षेत्रीय प्रबन्धक (गढ़वाल)	अध्यक्ष
2.	क्षेत्रीय प्रबन्धक (कुमाऊं)	संयोजक सदस्य
3.	क्षेत्रीय प्रबन्धक (टिहरी)	सदस्य
4.	क्षेत्रीय प्रबन्घक (पश्चिमी)	सदस्य

उक्त समिति द्वारा विशिष्ट साईज के प्रकाष्ठ की मांग के अनुरूप, उत्पादन एवं विपणन हेतु व्यवहारिक प्रक्रिया बावत सुझाव एवं प्रस्ताव एक माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाए और जारी किए जाने वाले आदेश का आलेख भी उपलब्ध कराया जाए।

(एस0टी0एस0 लेप्चा)
प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक–वि–153 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्न को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.समस्त अपर प्रबन्ध निदेशक/महाप्रबन्धक/क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

2.समस्त प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक/प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

3.समस्त प्रबन्धक/अधिकारी/प्रभारी आई0टी0सेल, मुख्यालय, उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

4.प्रति–(1) शिविर पत्रावली।

(2) सम्बन्धित पत्रावली।

(एस0टी0एस0 लेप्चा)
प्रबन्ध निदेशक

16-1-1(k) Nilam samanya